हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 13 .0 डिग्री
न्यूनतम 6 .0 डिग्री

13 हमें सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों पर चलना चाहिए : बिश्नोई



14 हनुमान से बड़ा राम भक्त और कोई दूसरा नहीं



## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में दो आरोपियों को पकड़ा

**बरवाला।** पुलिस ने एक महीना पूर्व वार्ड नंबर 10 निवासी दुकानदार जयपाल के साथ मारपीट किए जाने के मामले में संलिप्त दो आरोपितों वार्ड नंबर 10 निवासी मानसिंह और वार्ड नंबर 17 निवासी नरेश को गिरफ्तार कर लिया है।

### ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक

**हिसार।** ट्रैफिक पुलिस ने गांव खासा महाजन स्थित ब्राइट फ्यूचर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को यातयात के नियमों के प्रति जानकारी देकर उन्हें यातयात नियमों के प्रति जागरूक किया। साथ ही विद्यार्थियो को ट्रैफिक नियमों से संबंधित किताबें वितरित की गई। यातायात नियमों के बारे विद्यार्थियों को जागरूक करे हुए एएसआई कमल सिंह ने कहा कि यातायात के नियम हमारी सुविधा और सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। यदि हम सुरक्षित रहना चाहते हैं तो इन नियमों की पालना भी करनी होगी।

### बच्चों को सर्दियों की स्कूल ड्रेस वितरित की

**हिसार।** हमारा प्यार हिसार ने मंगलवार को मॉडल टाउन स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के जरूरतमंद छात्रों को सर्दियों की ड्रेस वितरित की। संस्था ने 94 छात्रों को स्वेट शर्ट तथा जूते व जुराबें उपलब्ध करवाई। वितरण कार्य में ह्महमारा प्यार हिसारह्न की ओर से त्रिलोक बंसल, डॉ निशान्त बंसल, डॉ विनीता बंसल, सत्येंद्र यदुवंशी, पूजा यादव, अमित कुमार व स्कूल के अध्यापकों ने भरपूर सहयोग दिया।

### सरोज सिहाग को मिली अहम जिम्मेदारी

**हिसार।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी के तहत पार्टी प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने विभिन्न कमेटियों का गठन किया है। इसमें चुनाव प्रबंधन समिति भी शामिल है। प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति में पार्टी की वरिष्ठ नेत्री सरोज सिहाग को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनको चुनाव प्रबंधन समिति में महिला अभियान प्रमुख बनाया गया है। सरोज सिहाग ने यह अहम जिम्मेदारी सौंपने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब का आभार व्यक्त किया है।

### इंटक ने मनाई नेताजी सुभाष चंद्र जयंती

**उकलाना।** भवन निर्माण मजदूर संघ इंटक की ओर से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 127वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर सिंह लोहान व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार नैन, जिला अध्यक्ष जोरा सिंह पाबड़ा, प्रदेश सलाहकार मांगेराम भेरिया, जिला उपप्रधान चतर सिंह खेड़ी, केसर गहलोत, प्रवीण कुमार बोस्ती आदि मौजूद थे।

# कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए हिसार मंडल पुलिस की नई पहल

## एडीजीपी ने किया कम्पलेंट मोनिटरिंग सिस्टम (सीएमएस) ऐप का उद्घाटन

- आम आदमी द्वारा पुलिस को दी शिकायत पर उच्च अधिकारियों की रहेगी नजर, 15 दिन के अंदर करनी होगी जन शिकायतों पर कार्रवाई
- शिकायतकर्ता को रहेगी आईओ की जानकारी, शिकायत के यूनिक नंबर व आईओ के फोन नंबर की दी जाएगी सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने मंगलवार को पुलिस विभाग में आने वाली जन शिकायतों की मॉनिटरिंग के लिए कंप्लेंट मॉनिटरिंग सिस्टम (सीएमएस) ऐप का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। हरियाणा में पहली बार इस तरह की शिकायत मॉनिटरिंग एप पुलिस विभाग के लिए हिसार मंडल में बनाई गई है।

इस ऐप के माध्यम से पुलिस विभाग के उच्चाधिकारी शिकायतों के प्रथम स्तर पर दर्ज होने के साथ-साथ इस पर की जा रही कार्रवाई की मॉनिटरिंग ऑनलाइन ही कर सकते हैं। इस प्रणाली में शिकायतकर्ता को उसके द्वारा की गई शिकायत की कॉपी तुरंत उपलब्ध करवाई जाएगी, इसके साथ-साथ उसकी शिकायत का निपटारा करने उपरांत की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी शिकायतकर्ता को दी जाएगी। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक हिसार मोहित हांडा व पुलिस अधीक्षक हांसी मकसूद अहमद उपस्थित थे।

एसपी फतेहाबाद आस्था मोदी, एसपी सिरसा विक्रांत भूषण, एसपी जींद सुमित कुमार व एसपी डबवाली सुमेर सिंह सहित हिसार मंडल के सभी जिलों के शिकायत शाखा इंचार्ज व तकनीकी विशेषज्ञ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित थे।

### एंड्रॉयड व वेब दोनों वर्जन में लॉन्च

उन्होंने बताया कि यह एप एंड्रॉयड व वेब दोनों वर्जन में लॉन्च किया गया है। एंड्रोएड मोबाइल के प्ले स्टोर में यह ऐप हरियाणा सीएमएस के नाम से व वेबसाइट वर्जन में यह हरियाणासीएमएस लाइव नाम से लांच किया गया है। इस ऐप पर शिकायत के दर्ज होने पर पीड़ित को एक विशिष्ट आईडी नंबर भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी यह ऐप पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। अनौपचारिक रूप से हिसार मंडल पर चल रहे इस प्रोजेक्ट पर लगभग तीन महीने से काम चल रहा है। इस दौरान इस ऐप के द्वारा मंडल स्तर पर 23000 शिकायतों की मॉनिटरिंग की जा रही है। इस प्रोजेक्ट के सफल होने के उपरांत इसे मुख्यालय स्तर पर पुलिस महानिदेशक हरियाणा, शत्रुजीत कपूर के पास राज्य स्तर पर अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा ताकि इसे राज्य स्तर पर भी लॉन्च किया जा सके।



हिसार। एडीजीपी श्रीकांत जाधव अपने कार्यालय में कंप्लेंट मॉनिटरिंग सिस्टम (सीएमएस) ऐप का उद्घाटन करते हुए, साथ में है एसपी मोहित हांड़ा, एसपी मकसूद अहमद।

### शिकायतकर्ता तफ्तीश से संतुष्ट है या नहीं का भी है विकल्प

एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली को पारदर्शी व प्रभावी बनाने के लिए आज मंडल स्तर पर ऑनलाइन कम्पलेट मॉनिटरिंग सिस्टम (सीएमसी) एप्लीकेशन की विधिवत शुरुआत की गई है। इस ऐप की सहायता से आम जनता की शिकायत पर अनुसंधान अधिकारी (आईओ) से लेकर एडीजीपी स्तर पर पूरी कार्रवाई की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा सकेगी। इसके साथ-साथ शिकायत की तफ्तीश उपरांत इसकी रिपोर्ट शिकायतकर्ता को भी दी जाएगी। इस ऐप में शिकायतकर्ता पुलिस की तफ्तीश से संतुष्ट है या नहीं, इसकी भी जानकारी दर्ज रहेगी। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत पर की जा रही तफ्तीश की पूरी जानकारी रहे इसके लिए उसे उसके द्वारा दर्ज शिकायत का यूनिक पहचान नंबर भी दिया जाएगा । इसके साथ-साथ उसके पास उसकी शिकायत के तहकीकात करने वाले अनुसंधान अधिकारी का भी फोन नंबर उपलब्ध करवाया जाएगा जिसके माध्यम से वह संबंधित आईओ से अपनी शिकायत पर की जा रही कार्रवाई की जानकारी ले सकता है।



नारनौंद। आग को काबू पाने का प्रयास करते फायर ब्रिगेड के कर्मचारी।

# चारे के लिए एकत्रित पराली में लगी आग

- किसान को लाखों का नुकसान, मुआवजे की मांग

**नारनौंद।** गांव बास बादशाहपुर के एक किसान की पराली में शार्ट सर्किट से आग लग गई। ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की गाड़ी दोबारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आज पर काबू नहीं पाया जा सका है। किसान को पराली जलने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इसके कारण किसान व ग्रामीणों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

किसान बास बादशाहपुर निवासी बिजेंद्र ने बताया कि बास से पुट्ठी रोड पर उसने पशुओं के चारे के लिए करीब साढ़े तीन सौ एकड़ की धान की पराली को खरीद कर एकत्रित किया हुआ था। पराली को काटकर राजस्थान में पशुओं के चारे के रूप में भेजा जाता है। इसके लिए उसने गांव बास से पुट्ठी रोड पर करीब दो एकड़ में लाखों रुपये की पराली खरीदकर एकत्रित की हुई है। उसके ऊपर से बिजली की लाइन गुजर रही थी। सोमवार शाम को अचानक शार्ट सर्किट होने के कारण पराली में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी व ग्रामीणों ने स्प्रे पम्प से आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। लेकिन तब तक लाखों रुपये की पराली जलकर राख हो गई।

## मांगें पूरी न हुई तो आठ फरवरी से हिसार-राजगढ़ रोड पर लगाएंगे मोर्चा

# किसानों ने डीसी कार्यालय का किया घेराव, मिला आश्वासन

- संयुक्त किसान मोर्चा का धरना 21वें दिन भी रहा जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

लघु सचिवालय परिसर में संयुक्त किसान मोर्चा का अपनी मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना आज 21वें दिन भी जारी रहा। मोर्चे ने मंगलवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम अनुसार धरना देकर उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया। घेराव के चलते लघु सचिवालय में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। बाद में संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से बातचीत की। जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया कि सात फरवरी तक सभी मांगों को मान लिया जाएगा। प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने कहा कि सरकार ने यदि सात फरवरी तक उपरोक्त मांगों का हल नहीं किया तो आठ फरवरी को लघु सचिवालय के सामने हिसार-राजगढ़ हाइवे पर पक्का मोर्चा लगाएंगे और उस समय तक लघु सचिवालय पर धरना जारी रहेगा।



हिसार। लघु सचिवालय पर चल रहे बेमियादी धरने पर बैठक करते जिलेभर से आए किसान।

### यह हैं प्रमुख मांगें

*मोर्चे की मुख्य मांगों में 2022 का 72 गांवों का बकाया फसल बीमा क्लेम तुरन्त प्रभाव से जारी किया जाए, 2022 व 23 का प्रीमियम रिफंड की गई बीमा पॉलिसी केसों का फसल बीमा क्लेम मंजूर किया जाए, जलभराव, गुलाबी सुंडी, सूखे की वजह से बर्बाद हुई फसल का 2020 से 2022 का बकाया मुआवजा तुरंत प्रभाव से जारी हो और 2023 का फसल मुआवजा मंजूर किया जाये, नकली खाद, बीज व दवाइयों पर रोक लगे आदि शामिल है।*

### यह रहे उपस्थित

धरने पर गुरनाम सिंह चढ़ूनी, मा. बलबीर सिंह, सुदेश कंडेला, अनीता, सुरेंद्र मान, दिलबाग हुड्डा, रामकेश नैन, मुकेश घनघस, दशरथ, धौला जेवरा, ईश्वर वर्मा, कैलाश मलिक, अनिल बैंदा, विकास सीसर, सूबेसिंह बूरा, रमेश मिरकां, शकुंतला जाखड़, हर्षदीप गिल, कपूर सिंह बगला, अजीत नंबरदार, प्रकाश गढ़वाल, श्योनारायण सरपंच, राजेश कड़वासरा, कमला देवी, छोटू मिरकां, सुरेश नंबरदार, राजू खरड़, कृष्ण पाली, विरेंद्र बागोरिया आदि उपस्थित रहे।



हिसार। धरना के दौरान प्रदर्शन करते पटवारी व कानूनगो। फोटो : हरिभूमि

# पटवारी व कानूनगो का धरना 21वें दिन में प्रवेश

**हिसार।** दि रेवेन्यू पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन जिला हिसार द्वारा मांगों को लेकर मंगलवार को भी सांकेतिक कार्य बहिष्कार करते हुए जिला मुख्यालय पर 21वें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रखा। धरना की अध्यक्षता पूर्व जिला सचिव बलबीर सिंह झाझाड़िया ने की तथा मंच का संचालन गुरुदेव शर्मा एवं ने किया। एसोसिएशन के जिला प्रधान आजाद सिंह बिश्नोई ने कहा की सरकार ने अब तक सरकार कुंभकर्णी नींद से नहीं जागी है और जब तक नहीं जागती तब तक हमारा धरना ऐसे ही चलता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व प्रधान होशियर सिंह राणा, कुलदीप कानूनगो, दलबीर सिंह, याद मोहम्मद, सतपाल पटवारी आदि मौजूद थे।

# बच्चों को थ्योरी की बजाय प्रेक्टिकल करवाकर सिखाने के आदेश

- एसडीएम सोनू भट्ट ने किया नारनौंद मॉडल स्कूल में औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

सरकारी स्कूलों में शिक्षा का गुणात्मक सुधार करने व बौद्धिक स्तर बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग व हरियाणा सरकार की तरफ से बड़े स्तर पर कोशिश की जा रही है और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ साथ बच्चों व अध्यापकों से संवाद करके उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में नारनौंद एसडीएम व आईएएस सोनू भट्ट ने नारनौंद मॉडल स्कूल का औचक निरीक्षण किया और बच्चों का शैक्षणिक स्तर जांचा।

आईएस सोनू भट्ट ने मंगलवार को नारनौंद के मॉडल स्कूल का औचक निरीक्षण कर बच्चों से अलग अलग विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अलग अलग कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद कर उनका शैक्षणिक स्तर भी जांचा। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में एस्टेब्लिश अलग अलग विषयों की अलग अलग लैब भी जांची ओर बच्चों से प्रैक्टिकल वर्क भी करवाकर देखा।

उन्होंने कहा कि जब तक बच्चा प्रैक्टिकल करके नहीं सीखेगा तब तक उसके कॉन्सेप्ट क्लियर नहीं होंगे और वे अच्छे मार्क्स नहीं ले पाएगा। अध्यापकों को चाहिए कि वो थ्योरी की बजाय प्रेक्टिकल वर्क पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दे ताकि बच्चा करके जल्दी सिख सके। इस दौरान जहां कहीं भी उनको कमी लगी उसको सुधारने के लिए विद्यालय प्रबंधन को आदेश भी दिए।

विद्यालय के अध्यापक डॉ अजय लोहान ने बताया कि इस दौरान एसडीएम ने नोवीं, दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के बच्चों का बारीकी से मूल्यांकन किया और उनसे काफी प्रश्न पूछे जिनका बच्चों ने बेबाकी से उतर दिया जिनको सुनकर वो गदगद हो गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी राजेश कुमार, अश्वनी, संजय कौशिक, सतबीर, अनुराग दलाल, मुकेश, सरिता, कीमती, रानी, रीना व अंजना आदि मौजूद थे।



नारनौंद। मॉडल स्कूल में औचक निरीक्षण करते एसडीएम सोनू भट्ट। फोटो : हरिभूमि

## तलवंडी राणा में युवक ने गोली मारकर किया सुसाइड

**हिसार।** गांव तलवंडी राणा में एक युवक ने कार में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह आसपास के लोगों ने युवक को मृत हालत में देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने 26 वर्षीय मनजीत उर्फ धोलिया गुर्जर के शव को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। बताया जाता है कि शव के पास से जो पिस्तोल बरामद हुआ है, वह अवैध था। पुलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है जिसमें उसने खुद के जीवन से तंग आकर सुसाइड करने की बात लिखी है। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने तलवंडी राणा में उमा मनोहर गोशाला के पास मनजीत उर्फ धोलिया का शव गाड़ी में पड़ा देखा। इस बारे में मनजीत के परिजनों तथा पुलिस को सूचित कर दिया गया। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि मनजीत ने अपनी ठोड़ी पर गन लगाकर सुसाइड किया है। परिजनों के अनुसार मनजीत ढाणी कुतुबपुर में अपने दोस्त की बहन के घर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से निकला था। सुबह उन्हें गाड़ी में उसके शव पड़ा होने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके से सुसाइड नोट बरामद किया है जिसमें में लिखा- 'मैं अपने जीवन से दुखी हूं, इसलिए सुसाइड कर रहा हूं। मेरी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है।'



## घर जा रहे युवक पर हमला, 16 लोगों पर केस दर्ज

**नारनौंद।** गांव कोथ कलां में अपने घर जा रहे एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने 10 नामजद सहित 6 अन्य पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कोथ कलां निवासी मोहन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। 20 जनवरी को सुबह करीब आठ बजे वह अपने नए घर से पुराने घर जा रहा था। जब वह गांव के चोपटा के नजदीक पहुंचा तो कोथ कलां निवासी नरेश, नरेश का लड़का, राजेश, सचीन, मोनु, महेशा, नन्हा, सिटू, दीप, नरेश व 5-7 अन्य युवक लोहे की रॉड, गंडासी व लाठी लेकर चारों तरफ से एक दम निकल कर आए और और हमला कर दिया।

## जलघर के ताले तोड़कर सामान चोरी, केस दर्ज

**नारनौंद।** गांव बुडाना के जल घर के ताले तोड़कर सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। जल घर के कर्मचारियों ने इसकी सूचना पब्लिक हेल्थ के एसडीओ को दी। पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसडीओ रणबीर मलिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जनवरी को जल घर के कर्मचारियों ने उसको फोन पर सूचना दी की जल घर के ताले तोड़कर चोरी हुई है। जलघर के मैन गेट, पंप चैम्बर, स्टाफ क्वार्टर रूम व स्टोर के ताले तोड़कर सामान चोरी किया गया है। उन्होंने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तो वहां से 6 स्लूस वॉल्व, 8 स्लूस वॉल्व, डीआई पाइप, बिजली के तार, 4 स्लूस वॉल्व, सीआईडी जॉइंट, स्लूस वॉल्व टेल पीस व अन्य सामान चोरी हुआ मिला। इससे विभाग को करीब 55 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

## लुवास के मुख्य प्रशासनिक ब्लॉक, छात्रावास व ईटीटीआईवीएफ प्रयोगशाला का भी करेंगे लोकार्पण

# सीएम प्रदेशवासियों को आज देंगे 2100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात

डीसी व एसपी ने लुवास में प्रबंधों एवं सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 जनवरी को लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के मुख्य प्रशासनिक ब्लॉक, छात्रावास व ईटीटीआईवीएफ प्रयोगशाला का उद्घाटन करने के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों की लगभग 2100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का भी लोकार्पण करेंगे। उपायुक्त उत्तम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दौरा कार्यक्रम को लेकर कैंपस का निरीक्षण कर विभिन्न प्रबंधों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं को जायजा लिया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 जनवरी को सुबह लुवास के नए कैंपस परिसर में पहुंचेगे और प्रदेशवासियों को विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के कई कैबिनेट मंत्री व विधायकगण भी शिरकत करेंगे। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर दिशा-निर्देश जारी किए।

***ये रहे मौजूद:*** इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, लुवास के कुलपति डॉ विनोद कुमार वर्मा, एचएसएएमबी के जोनल एडमिनिस्ट्रेटर विकास यादव, हिसार के एसडीएम जयवीर यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



हिसार। लुवास के नए कैंपस का निरीक्षण करते उपायुक्त उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### सीएम की सुरक्षा के दृष्टिगत लुवास रेड जोन घोषित

सुरक्षा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री मनोहर लाल के लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में 24 जनवरी को दौरा कार्यक्रम को लेकर जिलाधीश उत्तम सिंह ने धारा 144 की प्रदत्त शक्तियों के तहत कार्यक्रम स्थल को रेड जोन घोषित किया है। ड्रोन नियमावली-2021 के तहत रेड जोन में ग्लाइडर/ड्रोन/मानवरहित हवाई उपकरण आदि उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा।

# कड़ाके की ठंड का कहर जारी, जनजीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मौसम में बनी पिछले एक महीने से कड़ाके का ठंड का कहर जिले में बादस्तूर जारी है। मंगलवार को भी दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबके रहे। वहीं, दोपहर तक वाहनों की रफ्तार धीमी रही और तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई।

■ सुबह घना कोहरा छाए रहने से वाहनों की रफ्तार रही कम

मंगलवार को तड़के तीन बजे से ही जिले में शीतलहर और घना कोहरा का प्रकोप बढ़ने लगा था। आलम यह था कि सड़कों पर सुबह दस बजे तक घना कोहरा छाया रहा। जिसमें लोगों को चार फुट की दूरी पर भी वाहन व अन्य कोई वस्तू दिखाई नहीं दी। वाहन चालक लाइटें जलाकर सड़कों से गुजरने पर मजबूर थे। सुबह करीब ग्यारह बजे के बाद घना कोहरा तो कम हो गया। मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। जिससे लोगों के कामधंधे प्रभावित रहे।



यमुनानगर। मंगलवार को घने कोहरे में सड़कों पर लाइटें जलाकर गंतव्य पर पहुंचते वाहन ।

### महीने भर से नहीं खिली अच्छी धूप

मॉडल टाऊन निवासी कमल, अमित सैनी, विशाल व संजय का कहना है कि इस बार पिछले एक महीने से अब तक एक भी दिन अच्छी धूप नहीं खिली है। गत 26 दिसंबर से लेकर अब तक आसमान में जहां रोजाना धुंध के बादल छाए रहते हैं, वहीं, सुबह के वक्त घना कोहरा व शीतलहर ने लोगों का जीना हराम कर रखा है। लोग ठंड में ठिठूरते हुए अपने काम धंधे निपटाने को मजबूर हैं।

### तापमान में आई गिरावट

जिले में मंगलवार को घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से तापमान गिरकर अधिकतम 14 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस रह गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दो तीन दिन तक तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

## ठंड का सितम जारी, अलाव का लोग ले रहे सहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला में मंगलवार को भी ठंड का सितम जारी रहा। शीतलहर के कारण हर कोई ठंड से बचने के उपाय ढूंढता दिखाई दिया। ठंड से बचने के लिए ज्यादातर दुकानदारों ने अलावा जलाया। शीतलहर बेजुबान पशुओं पर भी भारी पड़ रही है। सड़कों पर घूम रहे गोवंश के लिए यह ठंड खतरा साबित हो सकती है। धूप न निकलने से सर्दी बढ़ गई है। कड़ाके की ठंड से हर कोई परेशान है। दिन के समय शीतलहर चलने के कारण ठंड अधिक हो रही है। मंगलवार को सुबह के समय हल्की धुंध थी। बाद में कोहरा छंट गया। बादल छाने के कारण दिनभर धूप नहीं निकली। सुबह से लेकर शाम तक ठंडी हवा चलने के कारण अधिकतर लोग अपने घरों के अंदर ही दुबके रहे। ठंड के चलते जन जीवन प्रभावित हो रहा है। सडकों के किनारे कई स्थानों पर लोग अलाव से हाथ सेंककर ठंड से बचाव करते नजर आए।

■ शीतलहर बेजुबान पशुओं पर भी भारी पड़ रही



कुरुक्षेत्र। सुबह आसमान में छाई धुंध व अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

### सब्जियों को नुकसान होने की संभावना

किसानों का कहना है कि एक बार फिर से ठंडक बढ़ गई है। जिससे सब्जियों में थोड़ी गलन बढने लगी है। यदि कई दिनों तक धूप नहीं निकली तो सब्जियों को नुकसान होने की संभावना है। वही सर्दी के चलते खांसी, जुकाम व सामान्य बुखार के मरीज बढ़ने लगे है। अधिकतम तापमान 13 व न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया है। धुंध व शीत हवाओं के चलने से ठंड बढ़ गई है। ठंड के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों के लिए ठंड में स्कूल तक का सफर करने में बच्चे ठिठुरते नजर आए। लोगों को कहना है कि ठंड के कारण जीना मुश्किल हो गया है। वहीं नगर के पार्को व बाजारों से रौनक घट गई है। बाजारों में इक्का-दुक्का लोग ही खरीदारी को लेकर आ रहे हैं। वहीं पार्क खाली-खाली से नजर आ रहे हैं। ठंड के कारण लोगों को घरों में दुबकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। शीत हवाओं व धुंध के कारण लोगों को सफर करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### 34 भारी वाहनों के किए चालान

**अंबाला।** गलत लेन में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी है। मंगलवार का पुलिस ने नियम तोड़ने वाले 34 भारी वाहनों के चालान किए। अब तक बीते 615 दिनों में पुलिस 30,068 भारी वाहनों के चालान कर चुकी है। ऐसे वाहन चालकों की लापरवाही से हादसों में इजाफा हो रहा है। इसी वजह से अब पुलिस भारी वाहनों चालकों पर शिकंजा कस रही है।

### नशा तस्करी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-1 ने चूरापोस्त तस्करी में आरोपी सुनील को प्रोडक्शन वारंट के जरिए काबू किया है । उसके कब्जे से पुलिस ने 2 क्विंटल 37 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त जब्त किया था। पुलिस ने अब आरोपी को 7 दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में पहले एक आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि सुनील भी इस मामले में संलिप्त है। 12 जनवरी 2024 को पुलिस ने सूचना के आधार पर भारी मात्रा में चूरापोस्त जब्त किया था। था।

### वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला ।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मामले में वांछित आरोपी पार्थ कुमार को काबू किया है। अदालत ने आरोपी को पीओ घोषित किया था। दरअसल आरोपी पहले दर्ज केस की सुनवाई में शामिल नहीं हो रहा था। इसी वजह से उसे पीओ घोषित किया था। अब अदालत ने आरोपी को जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### विवाहिता को घर से निकाला, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की गोपाल कालोनी निवासी विवाहिता की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने उसके पति बिंद्र व सास सुरेश निवासी गांव पसीना कलां जिला पानीपत के खिलाफ दहेज एक्ट, मारपीट आदि आरोपों में केस दर्ज करवाया है। विवाहिता का आरोप है कि पति व सास ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पाकिस्तान जाने वाले श्रद्धालुओं से आवेदन मांगें

**पानीपत।** गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस और महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर जून में पाकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा में जाने के लिए भारतीय श्रद्धालुओं/जत्थों से भारत सरकार द्वारा आवेदन मांगे गए हैं। आवेदनकर्ता राज्य सरकार को इसके लिए आगामी 15 अप्रैल तक राज्य सरकार द्वारा जारी प्रोफार्मा भरकर आवेदन कर सकते हैं।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 31 को

**यमुनानगर।** जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 31 जनवरी को आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री कमलेश ढ़ांडा करेंगी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला कष्ट निवारण समिती की बैठक सुबर साढ़े 11 बजे होगी। जिसमें हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री कमलेश ढांडा परिवादों की सुनवाई करेंगी। उन्होंने समिति सदस्यों व अधिकारियों को समय पर बैठक में पहुंचने के लिए आहवान किया है।

# मुख्यमंत्री आठ फरवरी को अयोध्या जाएंगे

## चंडीगढ़ से जन शताब्दी एक्सप्रेस के माध्यम से पानीपत पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मुख्यमंत्री मनोहरलाल मंगलवार को चंडीगढ़ से जन शताब्दी एक्सप्रेस के माध्यम से पानीपत पहुंचे। पानीपत स्टेशन पर पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मुख्यमंत्री का बुके देकर स्वागत किया। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी पानीपत के रेलवे स्टेशन पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री मनोहरलाल पानीपत सड़क के माध्यम से रोहतक के लिए रवाना हुए। इससे पहले मुख्यमंत्री लाल रेलवे के गेस्ट हाउस में पहुंचे और वहां जलपान किया। मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आठ फरवरी को वे अध्योध्या में श्री रामलला के दर्शन करने जाएंगे।

■ सीएम मनोहरलाल पानीपत सड़क के माध्यम से रोहतक के लिए रवाना हुए



पानीपत रेलवे स्टेशन पर पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल, साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। फोटो : हरिभूमि

# रोडवेज कर्मी मांगों को लेकर आज करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चे के आह्वान पर 24 जनवरी की सांकेतिक हड़ताल की तैयारी के लिए वर्कशॉप गेट पर बैठक की गई। राज्य मोर्चा सदस्य जयबीर घणघस, इंद्र सिंह बधाना, कृष्ण न्यारा,माया राम ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सांझे मोर्चे प्रतिनिधिमंडल की परिवहन मंत्री व उच्च अधिकारियो के साथ 11 जनवरी, 10 मार्च, 23 जून व 13 दिसम्बर को चार दौर की बातचीत हो चुकी हैं। सरकार कर्मचारियों की मांगों को जायज मानती हैं जिन्हें शीघ्र लागू करने का आश्वासन देती रही हैं परंतु मानी गई मांगो के परिपत्र जारी नही कर रही हैं। जिससे कर्मचारियों में सरकार की कार्यशैली व वादाखिलाफी के खिलाफ रोष हैं। सरकार मानी गई मांगों को लागू न करके कर्मचारियों को हड़ताल जैसे आंदोलन करने को मजबूर कर रही हैं। सरकार समय रहते मानी गई मांगों के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांझा मोर्चा सांकेतिक हड़ताल आगे बढ़ने पर विवश होगा। सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार समय रहते मानी गई मांगो के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांकेतिक को आगे भी बढ़ाया जा सकता हैं।

■ मानी गई मांगों का परिपत्र जारी नहीं करने पर आदोलन की चेतावनी



कुरुक्षेत्र। रोडवेज कर्मियों को संबोधित करते यूनियन नेता। फोटो : हरिभूमि

**ये है मांगें:** मुख्य मांगों में हिट एंड रन भारतीय न्याय सहिता काले कानून को तुरंत वापिस लिया जाए, 265 मार्गो पर असिमत परमिट पॉलिसी को वापिस लेकर रोडवेज बेड़े में नई बसे खरीदी जाए,परिचालक,चालक, लिपिकों की वेतन विसंगति दूर की जाए,देय अवकाश कटौती पत्र वापिस लिया जाए,बसों के मरमत कार्य कम्पनी को न दिया जाए, 2016 में भर्ती हुए चालको सहित दादरी डिपो के 52 हेल्परो को पॉलिसी बना कर पक्का किया जाए,2002 में भर्ती हुए चालको को नियुक्ति से पक्का करके इन्हें पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए,28/10/2005 से पहले भर्ती प्रकिया के तहत भर्ती होने वाले कर्मचारियों को सरकार के आदेशों अनुसार पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए, ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कडर से बहार करके तकनीकी पदों पर प्रमोशन की जाए, बकाया कई वर्षों के बोनस का भुगतान किया जाए,तकनीकि वेतनमान से वंचित कर्मचारियों को तकनीकी वेतन मान दिया जाए।

## सूने घर से 90 हजार की नकदी समेत आभूषण चोरी

यमुनानगर। शहर की कुलदीप नगर कॉलोनी से चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 90 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य वैष्णो देवी माथा टेकने के लिए गए हुए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविकांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर पर ही ज्वैलरी बनाने का काम करता है। 19 जनवरी को वह घर का ताला लगाकर परिवार के साथ वैष्णो देवी मंदिर में माथा टेकने के लिए गया था। वह वह देर शाम वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखी दो अलमारियों के ताले व लॉकर टूटे हुए थे। जांच करने पर अलमारी में रखी दो सोने की चेन, एक जोड़ी झुमकी, चार जोड़ी टोपस, सोने की चार अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, एक पैंडल, आठ जोड़ी पायल, 90 हजार रुपये तथा चांदी की स्क्रैप गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# प्रतिबंधित डेढ़ लाख टैबलेट के साथ युवक काबू

■ आरोपी दो साथियों के साथ मिलकर करता था प्रतिबंधित दवाइयों का धंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने शहर की बैंक कॉलोनी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्रतिबंधित करीब डेढ़ लाख टेबलेट बरामद की है। आरोपी अपने दो साथियों के साथ मिलकर प्रतिबंधित दवाईयों का धंधा करता था। जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज बलराज सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि बैंक कालोनी में किराये के मकान में रह रहे युवक नशे में प्रयोग होने वाली प्रतिबंधित दवाइयों की सप्लाई करते हैं। इस सूचना पर टीम ने छापेमारी की। मकान से हिमांशु को पकड़ा गया। वहां से डेढ़ लाख टेबलेट बरामद हुई। पूछताछ में पता लगा कि आरोपी अपने साथी लालद्वारा निवासी साहिल व अंबाला निवासी प्रशांत के साथ मिलकर नशे का अवैध रूप से धंधा कर रहा था। वह तीनों एक मकान में रहते हैं।





यमुनानगर की एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक ।

### नशातस्करों पर की जा रही है लगातार कार्रवाई



एएसपी हिमांद्री कौशिक ने बताया कि नशा तस्करी करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। दो दिन में लगभग तीन लाख प्रतिबंधित दवाइयों के साथ आरोपितों को पकड़ा जा चुका है। इन दवाईयों की कीमत लगभग 15 लाख है। पकड़े गए आरोपित से पूछताछ की जा रही है कि वह कहां से टेबलेट लेकर आते थे। आरोपी के साथियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कपड़ा बेचने के बहाने से घर पर आए दो लोगों ने उड़ाए 25 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ किया केस दर्ज

गांव तेजली निवासी सुंदर नगर फेस टू से घर पर कपड़ा बेचने के बहाने से आए दो लोगों ने 25 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसा सुंदर नगर निवासी सिकंद्र खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जनवरी को उसके पत्नी जिन्नत खातुन घर पर अकेली थी। इस दौरान दो लोग कपड़ा बेचने के लिए उसके घर पर आए। आरोपी उसकी पत्नी को कपड़ा खरीदने के लिए कहने लगे। उसकी पत्नी ने आरोपियों को कपड़ा खरीदने से मना कर दिया और पड़ोस में चली गई। कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी वापस आई तो घर में रखी पेटी खुली पड़ी थी। जांच करने पर पेटी में रखे 25 हजार रुपये गायब थे। उसकी पत्नी ने उसे फोन कर घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लें छात्र

**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर) में मंगलवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती (पराक्रम दिवस) पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन इतिहास विभाग द्वारा करवाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने विद्यार्थियों को सुभाष चंद्र बोस के जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. चांद सिंह ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, विचार एवं राष्ट्र के लिए किए गए कार्यों का विस्तृत उल्लेख किया एवं साथ ही आजाद हिंद फौज द्वारा दिए गए बलिदानों का भी वर्णन किया।

**सुगम होगा मार्ग**

**पानीपत से छाजपुर रोड होगी चार लेन, एचएसआरडीसी निर्माण करेगा**

# सीएम आज वर्चुअल शुभारंभ करेंगे, 75 करोड़ आएगी लागत, सनौली रोड पर सुधरेगी ट्रैफिक व्यवस्था

**खस्ता हालत में पड़े मार्ग का होगा कालाकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग सनौली रोड की कागजी कार्यवाही पूर्ण होने के बाद लगभग 75 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य कराया जाएगा। वही मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद संजय भाटिया और विधायक प्रमोद कुमार विज के ड्रीम प्रोजेक्ट सनौली रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से करेंगे। लम्बे समय से खस्ता हालत में पड़े इस मार्ग का निर्माण कार्य मुख्यमंत्री मनोहर लाल के शिलान्यास करने के उपरांत चालू किया जाएगा। एचएसआरडीसी फोर लेनिंग का काम करेगा। वही 75 करोड़ की लागत से होने जा रहे इस राज मार्ग का लाभ शहर वासियों को तो मिलेगा ही साथ में उत्तर प्रदेश, हरिद्वार व उत्तराखंड के अन्य शहरों में जाने वाले लोगों को एक सुगम मार्ग मिलेगा।

■ उत्तर प्रदेश, हरिद्वार व उत्तराखंड के अन्य शहरों में जाने वाले लोगों को एक सुगम मार्ग मिलेगा



पानीपत। मुख्यमंत्री मनोहर के साथ विधायक प्रमोद विज का फाइल फोटो।

### व्यापारियों के व्यापार में सुधार आएगा

मार्ग के बन जाने से शहरवासियों को आवागमन में आसानी होगी एवं समय की बचत होगी। वहीं इस मार्ग पर निर्भर व्यापारियों का व्यापार सड़क टूटी होने से प्रभावित था, अब मार्ग के बन जाने से व्यापारियों के व्यापार में भी सुधार आएगा। विधायक प्रमोद विज ने बताया कि पानीपत के वंदेमातरम् चौक से गांव कुराड़ तक 11 किलोमीटर राजमार्ग बनेगा। इस राजमार्ग के बनने से आवागमन और अधिक आसान हो जाएगा और सनौली मार्ग जाम मुक्त हो जाएगा। सडक के निर्माण कार्य के पश्चात मार्ग के सौंदर्यीकरण के लिए फैंसी लाइट्स लगाई जाएगी और पौधे रोपे जाएंगे।

# बिजली मंत्री की वादाखिलाफी के विरोध में कर्मियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर राजीव गांधी विद्युत सदन सेक्टर 12 में बिजली मंत्री की वादाखिलाफी के विरोध में धरना देकर अधीक्षक अभियंता के माध्यम से बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन भेजा गया। धरने की अध्यक्षता सर्कल सचिव विशाल बनवाला ने की और संचालन सर्कल सचिव राजेंद्र राणा ने किया। सर्कल चेयरमैन एनपी सिंह चौहान व सर्कल सचिव राजेंद्र राणा और विशाल बनवाला ने कहा कि 10 अक्तूबर 2023 को बिजली मंत्री के साथ यूनियन की वार्ता हुई थी। बिजली मंत्री ने कई मांगों पर सहमति प्रकट करते हुए लागू करने की बात कही थी। खेद का विषय है कि कोई भी मांग धरातल पर लागू नहीं हुई। यदि सरकार ने समय रहते कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो आने वाली चार फरवरी को सर्व कर्मचार संघ की आक्रोश रैली में बिजली के सभी कच्चे व पक्के कर्मचारी भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधान यूनिट नंबर एक नरेश मेहला, सचिव यूनिट नंबर दो जय कुमार, असंध यूनिट प्रधान महेंद्र पाल, सिटी यूनिट प्रधान अजीत सैनी, सचिव रमेश शर्मा, संजीव मलिक, शंटी कांबोज, कमलजीत, सुरेंद्र कांबोज, मांगेराम, गुरविंद्रं सिंह, रामतेज, विनोद, रोहित पुनिया, महाबीर सिंह, डिंपल, पवन, मनोहर लाल, संदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।



धरनार्थियों को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### शिक्षा में संस्कार की सार्थकता विषय पर गोष्ठी का आयोजन

**हिसार।** सर्वोदय भवन, गांधी अध्ययन केंद्र में शिक्षा में संस्कार की सार्थकता विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता प्राध्यापक रेखा रानी जांगिड़ ने बताया कि कक्षा नर्सरी से लेकर उतरोतर शिक्षा के पठन-पाठन की हमारी शिक्षा नीति में बहुत अधिक बदलाव आया है।

### बेरोजगार युवा स्थापित कर सकते हैं स्वरोजगार

**हांसी।** प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध करवा कर स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा सहकारिता विभाग के माध्यम से सीएम पैक्स नामक एक अनूठी योजना लागू की है। इस योजना के तहत बेरोजगार युवा अपनी रुचि के अनुसार स्वरोजगार स्थापित करके अच्छी खासी आमदनी प्राप्त कर सकता है।

### बरवाला जनसेवार्थ लैब के भवन का लोकार्पण

**बरवाला।** बरवाला जनसेवार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में वार्ड नंबर 11 में बरवाला जनसेवार्थ लैब के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया। इस दौरान पुरोहित की देखरेख में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हवन यज्ञ किया गया। लैब के प्रांगण में रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

### गायत्री यादव ने नेताजी की प्रतिमा पर किया मालार्पण

**हांसी।** भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भगत धन्ना सेवा समिति की प्रधान गायत्री देवी ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर मालार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि की। इस अवसर गायत्री देवी ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस सच्चे हिंदुस्तानी और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने अंग्रेजी शासन के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का कार्य किया था।

### शिविर में ज्योति बैंदा सहित 53 ने किया रक्तदान

**मंडी आदमपुर।** भारत विकास परिषद् शाखा मंडी आदमपुर ने अपना 24वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर इस मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 53 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ। बाल संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन ज्योति बैंदा ने भी रक्तदान किया। ज्योति बैंदा ने कहा कि भारत विकास परिषद अपने नाम के मुताबिक देश के विकास एवं संस्कृति के लिए कार्य कर रहे हैं।

### राजकीय कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

**हिसार।** अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण उच्चतर शिक्षा विभाग की व एआईएसएचई सेल के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय के मंगलवार को जिलास्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में भारतीय परंपरा में सरस्वती के आवाहन के साथ हुई। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रवीण बिश्नोई ने प्रतिभागियों का स्वागत किया।

## जयंती पर बार एसोसिएशन ने नेताजी को पुष्प अर्पित किए

# हमें सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों पर चलना चाहिए : बिश्नोई




**हिसार।** नेता जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि



**हांसी।** नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि



**हिसार।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस नेता बजरंग गर्ग व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार बार एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती परिसर स्थित नेता जी सुभाष बोस पार्क में मनाई गई। इस मौके पर हिसार बार एसोसिएशन के प्रधान विनय बिश्नोई व सचिव गौरव बेनीवाल सहित अन्य अधिवक्ताओं ने सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें याद किया और अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। हिसार बार एसोसिएशन के प्रधान विनय बिश्नोई ने कहा कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने हमें आजादी दिलाने के लिए अहम योगदान दिया था, नेता जी के आदर्शों पर हमें चलना चाहिए। देश के इन वीरों के आदर्शों पर चलते हुए हमें देशसेवा के लिए अपना योगदान देना चाहिए। आज के समय में सुभाष चंद्र बोस के आदर्श युवाओं के प्रेरणादायी है, आज हमारी युवा पीढ़ी नशे आदि की ओर अग्रसर है। बार एसोसिएशन के उपप्रधान विनोद कस्वा, सह सचिव प्रवीण नैन, कोषाध्यक्ष दीक्षेष जाखड़ सहित बार के अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

### श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई नेता जी की जयंती

**हांसी।** दि हांसी ट्रक यूनियन के प्रधान मोहन लाल चुचरा की अध्यक्षता में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 127वीं जयंती पर हांसी ट्रक यूनियन में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर प्रधान मोहन लाल चुचरा ने कहा कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने भारत को आजाद कराने में अहम भूमिका अदा की। इस अवसर पर सुरेन्द्र भ्याणा, संजय सचदेवा, सरदार देवेन्द्र सिंह, रमेश यादव, अविनाश कथूरिया, बिट्टू नांगरू, जगन्नाथ चोपड़ा, रोशन गोयल, शन्टी सलूजा, राजू परूथी, सुरेश सैनी, महेन्द्र चुघ, अशोक सचदेवा, अनु भुटानी, किशोरी नागपाल आदि मौजूद थे।

### नेताजी का देश की आजादी में अभूतपूर्व योगदान को देश हमेशा याद रखेगा : गर्ग

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को कांग्रेस भवन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिससे अंग्रेज कांपते थे। उनके सकारात्मक संदेश आपके मुश्किल से मुश्किल दौर में हौसला बढ़ाते हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि नेताजी द्वारा देश की आजादी के लिए अभूतपूर्व योगदान को देश हमेशा ही उन्हें याद रखेगा। इस अवसर पर पूर्व आईएएस चंद्र प्रकाश, जिलाध्यक्ष महिला ग्रामीण संतोष जून, जिला अध्यक्ष महिला शहरी स्नेह लता निंबल, कमलेश श्योराण, बीर सिंह दलाल, एडवोकेट कमला शहरावत, चंद्रभान काजला, हनुमान वर्मा, सुखबीर सिंह डूडी, योगेंद्र योगी, हनुमान ऐरन, मनोज टांक माही आदि मौजूद थे।



**बरवाला।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते भूपेंद्र गंगवा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## नेताजी सुभाष चंद्र की जयंती मनाई

**बरवाला।** कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी रहे भूपेन्द्र गंगवा की अध्यक्षता में भगत सिंह चौक में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आजाद हिंद फौज के संस्थापक और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की 127वी जयंती पर उन्हें पुष्प अर्पित कर कोटि-कोटि नमन किया गया। इस अवसर पर पंडित ज्ञानी राम, वजीर भुक्कल, दर्शन सिंह, काला सलीम, भले राम, रमेश बुगाना, साहब सिंह, राम लाल, मुरारी लाल बंसल, रमेश गोयल, बिमला देवी, परमेश्वरी देवी आदि मौजूद रहे।

### रोडवेज में 24 की हड़ताल की तैयारियां पूरी


**हिसार।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा ने 24 जनवरी को की जाने वाली एक दिवसीय हड़ताल की तैयारियां पूरी कर ली है। मोर्चा का दावा है कि हड़ताल के दौरान एक भी बस नहीं चलेगी। उधर, प्रशासन ने हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा की 24 जनवरी को प्रस्तावित हड़ताल के मद्देनजर भी 23 जनवरी मध्य रात्रि से 24 जनवरी तक हिसार बस स्टैंड व उपकेंद्र एवं हांसी बस स्टैंड पर धारा 144 लागू की गई है। हड़ताल की सफलता के लिए सांझा मोर्चा पदाधिकारियों ने डिपो में संपर्क अभियान चलाकर हड़ताल को कामयाब बनाने की अपील की। सांझा मोर्चा नेताओं रमेश श्योकंद, राजबीर दुहन व अजय दुहन ने मंगलवार को डिपो में एक-एक कर्मचारी से अपील की कि वे हड़ताल में शामिल होकर सरकार की वादाखिलाफी व नकारात्मक रवैये का करारा जवाब दें।

## जयंती पर रक्तदान शिविर लगाया

- रक्तदान करने से मनुष्य शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से रहता है स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर गांव डोभी में जनवादी नौजवान सभा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. रमेश पुनिया और सामाजिक कार्यकर्ता नूर मोहम्मद संयुक्त रूप से पहुंचे और रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें सुभाष चंद्र बोस का चित्र और प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पार डॉ. रमेश पूनिया ने स्वयं 21वीं बार रक्तदान किया। समाजिक कार्यकर्ता नूर मोहमद स्वयं 17 बार रक्तदान कर चुके हैं। डॉक्टर रमेश पूनिया ने बताया कि रक्तदान करने से मनुष्य शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रहता है और एक दूसरे के प्रति प्यार और सद्भावना का संचार होता है। इस मौके पर जनवादी नौजवान सभा के जिला उपप्रधान प्रदीप बेनिवाल, सूरज, मुकेश दुर्जनपुर, पंकज बगला, ललित बगला, रजत बगला, मोहित, मुकेश, राहुल, अकिंत, सनी, सूरजमल, सुरेंद्र स्वामी, मंजीत गिल, कुलदीप, कलीराम, अकिंत गिल, प्रमोद, अमित दिनोदिया आदि उपस्थित रहे।



**हिसार।** रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए डॉ. रमेश पूनिया और नूर मोहमद। फोटो : हरिभूमि

### महिलाओं के लिए होगा कार्यक्रमों का आयोजन

**हिसार।** अखिल भारतीय सेवा संघ महिला शाखा ने महिलाओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में अखिल भारतीय सेवा संघ की महिला शाखा की मासिक बैठक मॉडल टाऊन स्थित गीतू बांगा के आवास पर हुई। इसमें आगामी समय में महिलाओं के लिए कार्यक्रम करने पर विचार-विमर्श किया गया। शाखा प्रधान सुरुचि असीजा ने बताया कि महिला शाखा की ओर से महिलाओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इसके तहत महिलाओं के लिए मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता, हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हरियाणवी लोकनृत्य प्रतियोगिता व बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में कोषाध्यक्ष सुनैना नागपाल, सचिव कविता शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उर्मिल त्रिखा, गीतू बांगा, वीना भंडारी, श्वेता अरोड़ा, पल्लवी, नवीता, बिंदिया कामरा व सुनीता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



### गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आज होगी फाइनल रिहर्सल

**हांसी।** गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली विभिन्न स्कूलों की टीम ने मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय के सभागार में रिहर्सल किया। उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के लिए एसडी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाबा बंदा सिंह बहादुर विद्यालय, श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल, एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल तथा श्री काली देवी विद्यालय की सांस्कृतिक टीमों का चयन किया गया है। सांस्कृतिक रिहर्सल में चयनित स्कूलों के सांस्कृतिक टीमों द्वारा देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। बता दें कि इस बार गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन राजकीय महाविद्यालय के ग्राऊंड में किया जाएगा। प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां की जा रही हैं।



### एफसी कॉलेज की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**हिसार।** फतेहचंद महिला महाविद्यालय की दस छात्राओं और रेड क्रॉस ईकाई प्रभारी डॉ. कैलाश ने इंडियन रेड-क्रास सोसायटी, हरियाणा प्रदेश शाखा, चंडीगढ़ एवं जिला रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा प्रायोजित पांच दिवसीय को जिला स्तरीय युवा प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। शिविर में डॉ. कैलाश को सर्वश्रेष्ठ महिला काउंसलर के तौर पर सम्मानित किया गया और बीए तृतीय वर्ष की कुमारी प्रगति ने अभिभाषण में द्वितीय स्थान तथा छात्राओं ने समूह नृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिविर में युवाओं को रेड-क्रास के द्वारा चलाये जा रहे कार्यों, तनाव प्रबंधन, सड़क सुरक्षा के नियमों, रक्तदान, नशे के दुष्प्रभाव और मोबाइल के अत्याधिक प्रयोग से होने वाले नुकसान से सम्बंधित जानकारी दी गई। प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत व अन्य प्रध्यापकगणों ने सभी को बधाई दी।



### सरकार की योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीबों का

**हिसार।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण (शहरी क्षेत्र) के तहत वार्ड नं 16 स्थित अमरदीप तथा डिफेंस कालोनी में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीबों का है। उन्होंने कहा कि विभिन्न बाधाओं को दूर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ है। यह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, डिप्टी मेयर जयवीर गुर्जर, जिला कोषाध्यक्ष तरुण जैन, बिशम्बर गुलाटी, ओमप्रकाश मलिक, दर्शन सांगवान, रामफल जिंदल, राजबीर सांगवान, सरपंच ओम पटवारी, दीपक रघबीर, राजेश नेहरा, रीटा शर्मा सहित कालोनीवासी उपस्थित रहे।



### छात्रों को वित्तीय बाजार के बारे में किया जागरूक

**नारनौंद।** राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चोपटा के प्रांगण में कॉलेज के प्राचार्य अनिल कुमार मेहता के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग द्वारा फाइनेंशियल एजुकेशन एंड सिक्योरिटी मार्केट विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

कार्यशाला में पहले दिन मुख्य वक्ता रामफल पूनिया ने छात्रों को वित्तीय बाजार के बारे में बताते हुए कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। छात्रों को बाजार, प्रपत्रों, निवेश इत्यादि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर रामनिवास, धर्म सिंह, अनिल, दिनेश, कृष्ण कुमार, बिजेंद्र आदि मौजूद थे।

## श्री गुरु रविदास भवन का प्रवेश द्वार तैयार, 26 को होगा उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सिरसा बाइपास स्थित श्री गुरु रविदास भवन एवं छात्रावास का भव्य प्रवेश द्वार बनकर तैयार हो गया है। संत शिरोमणी श्री गुरु रविदास महासभा के प्रधान एसपी चालिया के नेतृत्व में यह निर्माण कार्य पूरा हुआ। 26 जनवरी को इस प्रवेश द्वार का प्रदेश के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री बनवारी लाल उद्घाटन करेंगे। इस उपलक्ष्य पर भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रधान एसपी चालिया ने कहा कि समाज के लोगों की कई सालों से मांग थी कि छात्रावास का भव्य प्रवेश द्वार होना चाहिए। कार्यकारिणी ने अपने प्रयास से इस मांग को पूरा किया है। इस दौरान डॉ. बनवारी लाल लड़कियों के छात्रावास का भी निरीक्षण करेंगे। उसके बाद डा. अंबेडकर छात्रावास में भी जाएंगे। कार्यकारिणी पदाधिकारी उपप्रधान मनोज मेडल, वित्त सचिव सुशील महिपाल और महासचिव राजकुमार मुवाल ने भी लोगों से अपील की कि वे कार्यक्रम में उपस्थित हो।



श्री गुरु रविदास भवन का भव्य द्वार।

## एसपी ने की पुलिस पब्लिक समन्वय समिति के सदस्यों के साथ बैठक

# सूर्य नगर फाटक पर ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के निर्देश

- सस्ती लोकप्रियता और दहशत फैलाने वालों पर पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने मंगलवार को अपने कार्यालय में पुलिस पब्लिक समन्वय समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने पिछली बैठक के दौरान उठाए गए मुद्दों पर क्रमवार चर्चा कर पुलिस द्वारा किए गए उनके निदान का आकलन किया। उन्होंने कहा कि इस मीटिंग का उद्देश्य पुलिस पब्लिक में समन्वय स्थापित हो। पुलिस समाज के मौजिज व्यक्ति के साथ संवाद कर पुलिस संबंधित शिकायतों का निराकरण करें और दूसरे विभागों से संबंधित मामलों में संबंधित विभाग से पत्राचार कर उन्हें सूचित करे। उन्होंने कहा कि नागरिक पुलिस की सहायता कर रहे है उनका स्वागत है। पुलिस ने सस्ती लोकप्रियता और दहशत फैलाने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है। समिति के सदस्यों की तरफ से सूर्य नगर फाटक के पास ट्रैफिक व्यवस्था और नशे के बारे में मुद्दे उठाए गए। इस पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस उप अधीक्षक विनोद शंकर, थाना यातायात और एचटीएम प्रभारी को प्रभावी कार्रवाई करने के बारे में निर्देश दिए।



**हिसार।** पुलिस पब्लिक समन्वय समिति के सदस्यों के साथ बैठक करते एसपी मोहित हांडा।

### नशा बेचने वालों पर पुलिस सख्त

पुलिस अधीक्षक ने समन्वय समिति के सदस्यों से कहा कि नशा समाज में एक बहुत बड़ी समस्या है। आप सभी युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करें और उन्हें खेलो की तरफ अग्रसर करें। नशे से सिर्फ नुकसान होता है। नशा पीड़ित के साथ परिवार और समाज को खत्म करता है। युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलाए। जो कोई नशा बेचता है उसकी शिकायत करें। पुलिस नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई कर रही है।

### छेड़छाड़ की दृष्टि से पुलिस ने हॉट स्पॉट किए चिन्हित

एसपी ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने सभी ऑटो और ई रिक्शा पर यूनिक आईडी स्टीकर लगाए है। आप सभी आपके संपर्क में आने वाली महिलाओं और लड़कियों से कहे कि वे सभी यूनिक आईडी लगे ऑटो या ई रिक्शा से ही सफर करें। पुलिस ने महिला संबंधी अपराध विशेष रूप से छेड़खानी के हॉट स्पॉट चिन्हित किए है। वहां सादी वर्दी में महिला पुलिस कर्मचारियों की भी नियुक्ति की है, जो महिलाओं के साथ फब्तियां, छेड़छाड़ और बदतमीजी जैसी हरकते करने वालो पर नजर रख रही है।




### अपनी विरासत पर गर्व करने पर ही होगा विकसित भारत का संकल्प : डॉ. वत्स

**हिसार।** दयानंद महाविद्यालय में युवा संवाद भारत-2047 के तहत ह्यपंच प्रण-एक युवा परिचर्चा का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) डी.पी. वत्स (सेवानिवृत्त) ने शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. वत्स ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को सकारात्मक कार्य करने के लिए एक मंच प्रदान करती है जिसके माध्यम से हम विकसित भारत के संकल्प में योगदान दे सकते हैं। विकसित भारत का संकल्प तभी पूरा हो सकता है जब हम अपनी विरासत पर गर्व करेंगे तथा एकता के महत्व को समझते हुए अपने जीवन में गुलामी की मानसिकता का परित्याग करेंगे। जब हम संगठित होकर किसी एक दिशा में प्रयास करते हैं तो सार्थक परिणाम निकलते हैं। इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने मुख्य अतिथि का महाविद्यालय पहुंचने पर आभार व्यक्त किया तथा पुष्पगुच्छ व स्मृति चिह्न देकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर पवन कुमार रेखा मित्तल एडवोकेट, डॉ. अरूणा कद, डॉ. वलेरिया सेठी, डॉ. इंद्रजीत सिंह, चेतन शर्मा, डॉ. छवि मंगला आदि मौजूद थे।

### थुराना प्रतियोगिता में छाए आर्य स्कूल हैबतपुर के छात्र

**नारनौंद।** आर्य सीनियर सेकंडरी स्कूल हैबतपुर के छात्रों ने थुराना वैलफेयर एसोशिएसन थुराना द्वारा आयोजित विभिन्न विषयो की सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। कक्षा पांचवी व छठी के ग्रुप में दीपेन ने प्रथम, गुरदीप ने दूसरा, हरिश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मिडिल ग्रुप मे हर्षित ने द्वितीय, हिमांशु ने चौथा तथा सेकंडरी ग्रुप सहित अन्य पांच विद्यार्थी सौरभ, मोहित, समीर, रितिका,हर्ष ने टॉप टेन में स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।

**सूचना**

मैं, शारदा पत्नी श्री जगदीश निवासी गांधी नगर, मण्डी आदमपुर तहसील आदमपुर जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरी पुत्री राजाबाला मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने चलाया सेफ सिटी कैंपेन

**हांसी।** सेफ सिटी कैंपेन के तहत पुलिस द्वारा महिलाओं को अपराधों तथा अपराधिक प्रवृत्ति के असामाजिक तत्वों के प्रति सजग जागरूक करने के लिए चलाया गया विशेष जागरूकता अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। महिला पुलिस की अलग-अलग टीमों ने शहर के अनेक स्थानों पर लड़कियों व महिलाओं को महिला विरुद्ध अपराध के प्रति सजग रहने तथा असामाजिक तत्वों द्वारा की गई किसी भी प्रकार की अभद्र हरकत का डटकर मुकाबला करने के संबंध में जागरूक किया।

### मादक पदार्थों की सप्लायर को किया जांच में शामिल

**हांसी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में हांसी पुलिस की एएनसी स्टाफ टीम ने मंगलवार को मादक पदार्थों की सप्लायर भिवानी जिले के गांव रोहनात व हाल सांई कालोनी निवासी प्रवीन को जांच में शामिल किया गया। जांच शामिल की आरोपित प्रवीण ने शहर थाना में दर्ज सांई कालोनी निवासी सतपाल को नशीला पदार्थ सप्लाई करने के मामले में उच्च न्यायालय चंडीगढ़ से अग्रिम जमानत ली हुई थी।

### सहायक प्रोफेसर पद के लिए परीक्षा 28 को

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सिविल इंजीनियरिंग व फिजिक्स विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद के लिए लिखित परीक्षा 28 जनवरी को होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने बताया कि लिखित परीक्षा का आयोजन दो सत्रों में किया जाएगा। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### सीएवी क्रिकेट एकेडमी की बड़ी जीत

**हिसार।** सीएवी क्रिकेट अकादमी एवं श्रीराम जूनियर क्रिकेट अकादमी के बीच हुए क्रिकेट मैच में सीएवी क्रिकेट अकादमी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए श्रीराम जूनियर क्रिकेट अकादमी टीम को 89 रनों से मात दी। कोच प्रताप ने बताया कि सीएवी क्रिकेट अकादमी ग्राउंड में हुए इस मैच मे सीएवी टीम ने बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें सीएवी की टीम ने 12 ओवर में चार विकेट खोकर 141 रनों का स्कोर बनाया, जिसके जवाब में श्रीराम क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम मात्र 52 रन ही बना सकी और अपने सभी विकेट गंवा दिए। सीएवी क्रिकेट एकेडमी की ओर से ओपन करते हुए दक्ष शर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए शानदार 52 रनों की पारी खेली। दक्ष शर्मा ने सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड जीता।

### जनवादी महिला समिति ने निधन पर शोक जताया

**हिसार।** जनवादी महिला समिति की बैठक जिला प्रधान शकुंतला जाखड़ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसान नेता रहे का. पृथ्वी सिंह की धर्मपत्नी मूर्ति देवी व उनकी बेटी सविता की मृत्यु पर गहरा शोक प्रकट किया गया। बैठक में बबली लांबा, निर्मला, संतोष श्योकंद, बिमला चौधरी, विद्या, सर्वजीत कौर आदि उपस्थित रही। गौरतलब है कि मूर्ति देवी ने जनवादी महिला समिति के उत्थान में अपना भरपूर योगदान दिया।

महोत्सव के दौरान आधुनिक एंबुलेंस जनता के लिए समर्पित की

# श्रीराम महोत्सव में पहुंचकर किया श्रीराम नाम का गुणगान

प्रदर्शनी में श्रीराम मंदिर व प्रभु श्रीराम से संबंधित चित्र देखकर दर्शक भावविभोर हो गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

श्री रामलीला कमेटी कटला द्वारा हिसार के मिलेनियम पैलेस में श्रीराम महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। शहनाई वादन, ढोल व आतिशबाजी के साथ श्रीराम महोत्सव की शुरुआत करके मिलेनियम पैलेस में चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में श्रीराम मंदिर व प्रभु श्रीराम से संबंधित चित्र देखकर दर्शक भावविभोर हो गए।

श्रीराम महोत्सव के दौरान बड़ी स्क्रीन पर अयोध्या के श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण दिखाया गया। सायंकाल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित एंबुलेंस महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज को समर्पित की गई। कटला रामलीला के प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया, महामंत्री राजेश बंसल व कोषाध्यक्ष रमेश लोहिया ने संयुक्त रूप से बताया कि यह महोत्सव पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल के सान्निध्य में आयोजित किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्री रामलीला कमेटी कटला के संरक्षक कृष्ण गोरखपुरिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सभी अतिथियों को श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति भेंटस्वरूप प्रदान की गई। इन कार्यक्रमों के दौरान कटला रामलीला के उपप्रधान कुलप्रकाश गोयल बंटी, कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र बंसल (नेताजी), रामनिवास गर्ग, दिनेश जैन, राधेश्याम अग्रवाल, प्रवीण बंसल व मंजुल गोयल उपस्थित रहे।



**हिसार।** श्री रामलीला कमेटी कटला द्वारा आयोजित श्रीराम महोत्सव के दौरान आधुनिक एंबुलेंस समर्पित करते अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

### भारत माता मंदिर में सुंदर कांड पाठ का आयोजन

**हिसार।** भारत माता मंदिर में प्रभु श्रीराम के निमित सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। श्रीराम की आराधना करते हुए पाठ के उपरांत भजन व कीर्तन के माध्यम से प्रभु की महिमा का गुणगान किया गया। इस अवसर पर निकाली गई श्रीराम दरबार की झांकी ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सायंकाल 108 दीपों से महाआरती करके जनकल्याण की कामना की गई। रात्रि को दीये जलाकर बड़े धूमधाम से दीपोत्सव मनाया गया। इस मौके पर भारत माता मंदिर के संरक्षक अनिल महता, प्यारेलाल लाहौरिया, सुभाष जैन, पंडित रामकिशोर शुक्ल, संतोष कुमार, अशोक सिंदवानी, राकेश अग्रवाल, चंद्रप्रकाश, मनोरमा गुप्ता, लता सिंगल, इंदु गोयल, बिमला कथूरिया, मधु बंसल, उमा राजगिरी, रेखा अग्रवाल व मीना सिंगल आदि उपस्थित रहे।

### भारत विकास परिषद में दीप जलाकर मनाई खुशी

**उकलाना।** भारत विकास परिषद शाखा उकलाना द्वारा अयोध्या में आयोजित श्री रामलीला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री राम दीपोत्सव का आयोजन श्री सनातन धर्म मंदिर गीता भवन के सामने भारत विकास परिषद ने 511 दीपक जलाकर भव्य रूप से भजन कीर्तन किया गया।

### शहरों की भांति सरसौद गांव भी हुआ राम मय

**हिसार।** राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ पर्व को दिव्य देव स्थानम मन्दिर, सरसौद में भी बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मन्दिर में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। प्रातः काल हवन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंदिर प्रांगण में बड़ी स्क्रीन लगाकर सीधा प्रसारण दिखाया गया।

### राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने पर भंडारा लगाया

**हिसार।** फ्रेंडस क्लब, सेक्टर 14 के तत्वाधान में श्रीराम जन्म भूमि पर बन रहे भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने पर सेक्टर 14 स्थित बुधला संत मंदिर में भंडारा चलाया। प्रधान धर्मेंद्र मलिक ने बताया कि सैंकड़ों लोगों ने उल्लास भरे माहौल में जयश्रीराम का उच्चारण करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के साथ ही मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन किया गया।

## भामाशाह नगर से निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भामाशाह नगर वैलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में भगवान श्रीराम लला के विराजमान होने की खुशी में भामाशाह नगर से शोभा यात्रा निकाली गई। सोसायटी के प्रधान सत्यकाम आर्य ने बताया कि यह शोभा यात्रा पुरानी अनाज मंडी मंदिर से होते हुए ज्ञान ज्योति चौक, बालसमंद रोड, भामाशाह नगर व अग्रवाल कॉलोनी की परिक्रमा करते हुए वापिस अपने स्थान पर पहुंची। पूरा रास्ते सैंकड़ों क्षेत्र वासी भगवान राम के भजनों पर झूमते हुए व भगवा ध्वज लहराते हुए चलते रहे। भगवान राम के जयकारे गूंजते रहे। देसी घी के लड्डू की सवामनी का भोग लगाकर प्रसाद बांटा गया।


**हिसार।** भामाशाह नगर से निकली शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु व झांकी।

## प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नागरिक अस्पताल में लगाई त्रिवेणी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

अयोध्या में श्री राम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल परिसर में त्रिवेणी लगाई गई। इस मौके पर सीएमओ डॉ. सपना गहलावत, नागरिक अस्पताल की पीएमओ डॉ. रत्ना भारती ने आईएमए के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अजय महाजन तथा उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई, डॉ. अनामिका बिश्नोई, डॉ. रीना जैन, डॉ. धर्मेंद्र, डॉ. राजीव डाबला, डॉ. विक्रम गोरियन, डॉ. हिमेश बंसल, श्री अनिल शर्मा, नर्सिंग स्कूल के छात्र और जनरल हॉस्पिटल के अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

इस अवसर पर आईएमए हिसार के अध्यक्ष डॉ. जसवन्त राय बंसल, सचिव डॉ. राम बख्श शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. सतीश जैन, डॉ. महेश दत्त छाबड़ा और डॉ. मोनिका छाबड़ा, डॉ. राजन अग्रवाल भी उपस्थित थे।



**हिसार।** त्रिवेणी लगाते आईएमए के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अजय महाजन, सीएमओ डॉ. सपना गहलावत, पीएमओ डॉ. रत्ना भारती व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*



### 1100 दीये जलाकर जयश्री राम की श्रृंखला बनाई

**हिसार।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने के उपलक्ष्य में अग्रसैन भवन में दीपावली के रुप में दीपोत्सव मनाया गया। साध्वी सुजाता व स्वामी चंद्रदेव महाराज ने दीपोत्सव में विशेष रुप से भाग लेकर सभी को अपनी शुभकामनाएं दीं। महाराजा अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला की देखरेख में नगर की दर्जनों संस्थाओं से जुड़े सैंकड़ों लोगों ने देशी घी के 1100 दीये जलाकर उनसे जयश्रीराम की श्रृंखला बनाई। पूरे अग्रसैन भवन में आकर्षक लाइटिंग की गई। आतिशबाजी की गई व लड्डू बांटे गए। इस अवसर पर समाजसेवी प्यारेलाल लाहौरिया, रामनिवास कोहलीवाले, एन.के. गोयल, संजय गुप्ता, दीपक गर्ग, राजेश बंसल, सुरेंद्र बागड़ी, ऋषिराज बुड़ाकिया, गजानंद गर्ग, अनिल तनेजा, सुरेंद्र बालान, अभिमन्यु बंसल, आशुतोष परुथी, कुसुम जैन, र6मी गुप्ता, मीनाक्षी जैन, नेहा मेहता, गुंजन आर्य, पल्लवी जैन, संगीता गर्ग, नीलम जैन, सुमन गर्ग, लीना सिंगला आदि भी उपस्थित रहे।

## विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने दीए जलाकर मनाया उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में श्री रामलला जी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी नॉन टीचिंग स्टाफ एसोसिएशन, एससी एसटी फेडरेशन व सफाई कर्मचारी यूनियन द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप मे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज शिरकत की। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि रामलला मंदिर जिसे भगवान राम के जन्म स्थान के रूप में जाना जाता है, सभी के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है। लैंडस्केप यूनिट के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने लैंडस्केप यूनिट द्वारा 1002 दीए प्रज्वलित किए गए। दीयों से जय श्री राम की आकृति भी बनाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।


**हिसार।** दीयों से बनी जय श्री राम की आकृति। *फोटो : हरिभूमि*



### बाबा रामदेव मंदिर में किया हवन

**हांसी।** भाजपा मंडल के अध्यक्ष अशोक ढालिया के सान्निध्य में सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का दिन अत्यन्त रमणीक व मंगलकारी रहा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान बाबा रामदेव मंदिर परिसर में धार्मिक मंत्रोच्चारण के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। उपस्थित महिलाओं और पुरूषों ने भगवान श्री राम के बताए गए मार्ग निश्चल प्रेम, निःस्वार्थ सेवा एवं त्याग तपस्या की भावना को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। मौके पर बाबा रामदेव मन्दिर समिति, जीनगर धर्मशाला समिति, गणेश युवा मित्र मण्डल, बाबा रामदेव जागरण कमेटी, रेगर युवा मंच, विधायक पुत्र साहिल भ्याणा, मीडिया प्रभारी राजू चायल, प्रधान ज्ञानी डाबी, चम्पा राम डाबी, कालू सिसोदिया, आशा राम डाबी, गोविन्द गेहलोत, विनोद सपड़ा, राम मीरा आदि रामभक्त उपस्थित थे।

## एकलव्य स्पोर्ट्स स्कूल की कोमल ने जीता सिल्वर पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

ध्यानचंद जनकल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट एकलव्य स्पोर्ट्स स्कूल सिसाय की छठी कक्षा की छात्रा मसूदपुर निवासी कोमल ने खो- खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान आयोजित सेंट्रल जोन खेलो इंडिया सब जूनियर खो खो लीग में सिल्वर मेडल जीता। प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 जनवरी तक उत्तर प्रदेश के अटरा में किया गया था।

पदक विजेता खिलाड़ी कोमल का बुधवार सुबह विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा कोमल के माता-पिता व कोच को बधाई दी गई। स्कूल इंचार्ज अंकित तायल ने बताया कि कोमल शुरू से ही पढ़ाई के साथ खेलों में भी बेहतरीन प्रदर्शन करती आ रही है। कोमल की इस उपलब्धि पर स्कूल स्टाफ के लिए सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी।



**हांसी।** रजत पदक विजेता खिलाड़ी कोमल का स्वागत करते स्कूल प्राचार्य अंकित तायल व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### सक्रिय ध्यान से मिलती है मन की शांति : स्वामी संजय

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन हिसार में ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। स्वामी संजय ने उपस्थित लोगों को सक्रिय ध्यान करवाया तथा बताया कि सक्रिय ध्यान हमारे भीतर के स्नान के समान है। इस विधि से रेचन करके व्यक्ति अपने मन की अशांति से मुक्त हो सकता है। उपस्थित लोगों ने ध्यान के बाद बहुत ही हल्केपन का अनुभव किया फिर ध्यान के बाद उत्सव मनाया गया। स्वामी संजय ने बताया कि इस बार चार फरवरी को ओशो सत्संग व ध्यान शिविर सिरसा रोड़ स्थित, ओशो ध्यान केंद्र हिसार में होने जा रहा है। पश्चिम ने विज्ञान की भेंट देकर संसार को बाहरी क्षेत्र में समृद्धि प्रदान की है।

## महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल में मनाया राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल में अयोध्या में हुए रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करवाए गए, जिसमें नन्हे-मुन्नें बच्चों द्वारा राम-सीता व लक्ष्मण की वेशभूषा में अलग-अलग राम स्तुतियां गायी गई। इस मौके पर बच्चों द्वारा श्रीराम के भजनों पर झूमते, नाचते हुए बच्चों ने वीडियो बनाई, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, कविता पाठ, मॉडल बनाओ, रंगोली व दिया सजावट इत्यादि प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व प्रभु श्री राम के प्रति अपनी निष्ठा व भक्ति प्रकट की। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सरिता शर्मा ने कहा कि प्रभु श्री राम हम सभी के आदर्श हैं तथा जो उन्होंने मर्यादा में रहकर अपने संस्कारों को निभाने की हमें प्रेरणा दी है। बच्चों ने उत्साह व जोश से जय श्री राम के नारे लगाते हुए माहौल को राममय बनाया। स्कूल प्रबंधक अजीज प्रधान ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

- विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लेकर राममय किया माहौल


**हिसार।** प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्रा। *फोटो : हरिभूमि*

## पेंशन कर्मचारी का हक : शर्मा

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के सभागार में मंगलवार को हरियाणा राज्य की पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति के अध्यक्ष दिनेश शर्मा, गजूटा प्रधान विनोद गोयल एवम गैर शिक्षक संघ प्रधान रामनिवास वर्मा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारी की सभा का आयोजन किया गया। दिनेश शर्मा ने कहा कि पेंशन कर्मचारियों के लिए कोई खैरात नहीं है बल्कि उनका हक है जो उनके बुढ़ापे के समय में उन्हें सामाजिक एवं वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। इस मौके पर विनोद गोयल ने कहा कि कुछ कर्मचारियों में भ्रम है कि नई पेंशन प्रणाली में उनके कार्यकाल में उनके पास खूब सारा धन अर्जित हो जाएगा पर उन्होंने चेताया कि कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति होते ही उस धन में बढ़ोतरी रुक जाएगी और उन्हें बाकी की उम्र केवल एक निश्चित राशि प्रति माह में ही गुजारनी पड़ेगी। उसमें सालाना किसी प्रकार की वृद्धि नहीं होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि में खीर के प्रसाद की सवामणि लगाई

# हनुमान से बड़ा राम भक्त और कोई दूसरा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अयोध्या में राम मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंगलवार को राम भक्त हनुमान के दिन खीर के प्रसाद की सवामणि लगाई गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. ओम प्रकाश सांगवान ने की। कार्यक्रम का आयोजन गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के पूर्व सचिव संदीप पंघाल ने किया। कुलपति प्रो. बिश्नोई ने इस मौके पर लोगों को खीर का प्रसाद वितरण करते हुए कहा कि हनुमान से बड़ा राम भक्त इस संसार में और कोई दूसरा नहीं है। उन्होंने अनेक बार अपने आप को साबित करके दिखाया। अपने प्राणों की परवाह न करते हुए उन्होंने लंका में जाकर सीता माता की खोज की तथा जब लक्ष्मण जी मूर्छित हुए तो उनके लिए संजीवनी का पहाड़ उठाकर लाए। इस अवसर पर एसडीओ धर्मेंद्र शर्मा, अजय भारद्वाज, नेकीराम बिश्नोई, सुरेंद्र पूनिया, रेखा दहिया, मनोज यादव, कैलाश बिश्नोई, राजेश पूनिया, खुशी, वैभव, राम सिंह, सुरेंद्र सिंह, राकेश नेहरा, सुनील आदि आने को कर्मचारी हुए छात्र मौजूद थे।


**हिसार।** गुजवि में खीर के प्रसाद का वितरण करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

### झूठी शिकायत देने पर 3 के खिलाफ कार्रवाई

**हांसी।** झूठी शिकायत देकर मुकदमें दर्ज करवाने वालों के खिलाफ शहर थाना पुलिस द्वारा पुलिस को गुमराह करने की विभिन्न धाराओं के तहत एक महिला सहित 3 आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गत दिनों पहले मुनीम ने थाना में आकर एक दरखास्त दी थी की वह अपनी मोटर साइकिल पर सवार होकर घर जा रहा था कि रास्ते में एक नकाबपोश व्यक्ति ने उससे पिस्तौल की बल पर एक लाख 80 हजार रुपये, मोबाईल फोन व मोटरसाइकिल ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज जांच की तो सामने आया कि आरोपित द्वारा कर्ज से छुटकारा पाने के लिए पुलिस को झूठी शिकायत दी गई थी।